भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

**राज्यसभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3912**

**27.03.2026 को उत्तर के लिए नियत**

**पीएम ई-ड्राइव योजना**

3912. **श्री प्रकाश चिक बाराईक:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवॉल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एनहांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना के अंतर्गत लगभग 68 प्रतिशत निधि का अल्प उपयोग होने के क्या कारण हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) पीएम ई-ड्राइव योजना के अंतर्गत इसकी शुरुआत से अब तक आवंटित और उपयोग की गई निधि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस योजना की शुरुआत से अब तक इसके अंतर्गत स्थापित किए जाने हेतु लक्षित और वास्तव में स्थापित किए गए चार्जिंग स्टेशनों की संख्या का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

**(क):** पीएम ई-ड्राइव स्कीम की अवधि को 31.03.2028 तक बढ़ा दिया गया है। निधि का कम उपयोग मुख्य रूप से चरणबद्ध कार्यान्वयन कार्यनीति, लक्ष्य-आधारित संवितरण तंत्र और कुछ नए इलेक्ट्रिक वाहन खंडों के विकसित होने के कारण है।

**(ख):** पीएम ई-ड्राइव रेवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एनहांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) स्कीम के तहत 01.04.2024 को इसकी शुरुआत से लेकर अब तक आवंटित परिव्यय के मुकाबले उपयोग की गई निधि का वर्ष-वार विवरण इस प्रकार है:

(करोड़ रुपये में)

| स्कीम | स्कीम परिव्यय | वित्त वर्ष 2024-25 में स्कीम पर व्यय | वित्त वर्ष 2025-26 में 23.03.2026 तक व्यय |
|---|---|---|---|
| **पीएम ई-ड्राइव** | **10,900** | **993.04** | **1,051.71** |

**(ग):** इस स्कीम के तहत अभी तक कोई चार्जिंग स्टेशन स्थापित नहीं किया गया है।

*******